an>

Title: Need to restart the closed paper mill and cotton mill in Jhanjharpur Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री बीरेन्द्र कुमार चौधरी (झंझारपुर) : मेरे संसदीय क्षेत्र झंझारपुर (बिहार) के झंझारपुर में पेपर मिल के बारे में चर्चा करना चाहता हूं। झंझारपुर पेपर मिल के लिए कई एकड़ जमीन ली गयी और करोड़ों रूपयों का भवन निर्माण कराया गया और मशीने भी खरीदी गयीं, जो आज तक जस की तस पड़ी हुई है। यदि इस पेपर मिल को पुनः चालू किया जाता है तो जनहित में बहुत बड़ा काम होगा। साथ ही सरकार को बहुत बड़ी मात्रा में राजस्व की भी प्राप्ति होगी तथा इस क्षेत्र के युवाओं, मजदूरों और किसानों को भी रोजगार मिलेगा। मेरे संसदीय क्षेत्र में रोजगार का दूसरा और कोई साधन नहीं है। साथ ही मेरे संसदीय क्षेत्र के पंडौल में भी सूत मिल बनकर 3-4 साल तक चलने के बाद बंद कर दी गयी जिससे हजारों लोग बेरोजगार हो गए हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में उक्त दोनों मिलों को चालू कराने की कृपा की जाए।